राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार
गृह (सामान्य) विभाग
5 वां स्तर, सी-विंग, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली

क्रमांक F.6/03/2025/गृह (जी)/ 714 दिनांक:- 26/03/25

सेवा में,

उप. सचिव (प्रश्न एवं समिति)
दिल्ली विधान सभा सचिवालय,
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054

विषयः- विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 170 के संबंध में जो दिनांक 27.03.2025 को पूछा जाना है।

महोदय,

कृपया आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए उपरोक्त प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियां संलग्न है।

यह माननीय गृह मंत्री की पूर्व अनुमति से जारी किया जाता है।

आपका विश्वासी,

उप सचिव (गृह)
Deputy Secretary (Home)
Govt. of NCT of Delhi, 5th
Level, C-Wing, Delhi
Secretariat, I.P. Estate, New Delhi

संलग्नक ऊपरोक्त अनुसार

Scanned with CamScanner

विभाग का नाम : गृह विभाग

विभाग का पता: 5वीं मंजिल, सी-विंग, दिल्ली सचिवालय

विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या : 170

दिनांक : 27.03.2025

प्रश्नकर्त्ता का नाम: श्री सही राम, माननीय विधायक

| | प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|---|
| (क) | क्या दिल्ली सरकार द्वारा नरेला और बापरौला में नई जेल बिल्डिंग का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है; और | (क) एवं (ख) एवं (ग) | सरकार द्वारा नरेला एवं बापरौला में नई जेल का निर्माण कार्य अभी तक आरंभ नहीं हुआ है ।<br><br>सरकार द्वारा नरेला में नई जेल के निर्माण के लिए नरेला में 40.2 एकड़ जमीन दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा जेल विभाग को सौंप दी गई है ।<br><br>बापरोला जेल के निर्माण के लिए भूमि आवंटन के लिए अनुरोध दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA) के पास लंबित है ।<br><br>नरेला जेल का निर्माण कार्य अगले 6 माह में शुरू होने की एवं 2 वर्ष के अंतराल में पूरा होने की संभावना है । |
| (ख) | यदि हां, तो निर्माण कार्य कब शुरू हुआ; | | |
| (ग) | इन नई जेल बिल्डिंगों का निर्माण कार्य कब तक पूरा होगा; | | |
| (घ) | दिल्ली सरकार द्वारा जेलों में सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए क्या अन्य योजनाएं चलाई जा रही हैं; | (घ) से (च) तक | दिल्ली की जेलों में वर्तमान में तीन स्तरीय सुरक्षा का इंतजाम है जिसमें बाहरी सुरक्षा को भारत तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) को दिया गया है जबकि प्रत्येक जेल में प्रवेश द्वार पर तमिलनाडु विशेष पुलिस (TSP) बंदियों एवं स्टाफ की सर्च के लिए नियुक्त है । जेल के आंतरिक प्रशासन के लिए दिल्ली जेल स्टाफ को नियुक्ति किया गया है ' इसके अतिरिक्त निम्न सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं:-<br>1. 03 T-HCBS (Tower of Harmonious Call Blocking System) तिहाड़ जेल परिसर में एवं 1 मंडोली जेल परिसर में स्थापित किया गया है ।<br>2. तिहाड़ जेल परिसर में 15 Mobile Phone Jammers (Model JTLS-301) लगाये गये हैं ।<br>3. दिल्ली जेल के तिहाड़, रोहिणी एवं मंडोली जेल |
| (ङ) | क्या इन नई जेलों में हाई-टेक निगरानी प्रणाली (सीसीटीवी, जैमर आदि) का प्रावधान किया जा रहा है; | | |
| (च) | यदि हां, तो उससे जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा करें; और | | |

Scanned with CamScanner

| | प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|---|
| | | | परिसरों में अभी तक 7549 CCTV Cameras लगवाये जा चुके हैं ।<br>4. जेलों के प्रवेश द्वार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 Deep Search Metal Detectors, 610 Bodyworn Cameras, 23 X-ray Baggage Scanners, 27 Pole Type Metal Detector, 12 Non-Linear Junction Detector (NLJD), 47 Door Frame Metal Detector (DFMD) और 250 Hand Held Metal Detector (HHMD) डयोढी में उपलब्ध हैं जिनके द्वारा बंदी और बंदियों द्वारा लाये गये सामान की गहन रूप से जाँच पड़ताल की जाती है ।<br>5. किशोर बंदियों को अलग से कारागार संख्या-5 में रखा जाता है जिससे उनको अन्य आपाराधिक प्रवृति वाले वयस्क बंदियों से अलग रखा जा सके ।<br>6. महिला बंदियों को रखने के लिए कारागार संख्या-6, तिहाड़ एवं कारागार संख्या-16 मंडोली विशेष रूप से बनाई गई हैं ।<br>7. उच्च सुरक्षा वाले बंदियों के लिए वर्ष 2017 में केन्द्रीय कारागार संख्या-15 मंडोली भी अभी हाल ही में उपलब्ध कराई गयी है । |
| (छ) | नई जेलों के निर्माण के बाद दिल्ली की कौन-कौन सी जेलों से कैदियों को शिफ्ट किया जाएगा? | (छ) | **एक जेल से दूसरे जेल में कैदियों को स्थानांतरित करने के लिए मानक आंतरिक प्रक्रिया लागू है ।** |

यह उत्तर माननीय गृह मंत्री की पूर्व अनुमति से प्रेषित किया जाता है।

कुलविंदर सिंह

Deputy Secretary (Home)
Govt. of Delhi, 5th Level, C-Wing, Delhi Secretariat, I.P. Estate, New Delhi

उप सचिव (गृह)

उप. सचिव (प्रश्न एवं समिति), दिल्ली विधान सभा सचिवालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054

Scanned with CamScanner